## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 23.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. चाईबासा के सारंडा क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी, एक और नक्सली के मारे जाने के बाद मारे गये नक्सलियों की संख्या बढ़कर हुई सोलह।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यूनाइटेड किंग्डम प्रवास के दौरान आदिवासी विरासत संरक्षण पर जोर।
3. गुमला जिले में सिरसी–ता–नाला राजकीय महोत्सव का आयोजन, मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि ऐसे आयोजन आदिवासी समाज में धार्मिक जागृति और सामाजिक चेतना के लिए जरूरी।
4. हजारीबाग पुलिस ने 20 किलो अफीम के साथ तीन तस्करों को और पलामू पुलिस ने एक संगठित आपराधिक गिरोह के आठ अपराधियों को किया गिरफ्तार।

और

5. भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज रायपुर में जारी।

***************

चाईबासा के सारंडा क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ में एक और नक्सली के मारे जाने की सूचना है। पिछले दो दिनों में मारे गये नक्सलियों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। नक्सल दस्तों की आशंका को देखते हुए ऑपरेशन तेज किया गया है और अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है और लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है। चाईबासा के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि फिलहाल क्षेत्र में हाई अलर्ट है और सर्च ऑपरेशन जारी है। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से न सिर्फ नक्सल नेटवर्क कमजोर हुआ है, बल्कि क्षेत्र में शांति और विकास की उम्मीद भी जगी है।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यूनाइटेड किंग्डम प्रवास के दौरान झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने हिस्टोरिक इंग्लैड के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आदिवासी, मेगालिथिक और प्रागैतिहासिक विरासत के संरक्षण तथा शोध सहयोग पर चर्चा हुई। यूके–भारत व्यापक सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम के तहत झारखंड की विरासत को वैश्विक पहचान देने पर जोर दिया गया। हिस्टोरिक इंग्लैंड ने मुख्यमंत्री को एवेबरी और स्टोनहेंज के भ्रमण का विशेष आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अपनी प्राचीन और जीवित आदिवासी विरासत के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

***************

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के झारखंड प्रभारी के. राजू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान मिली उपलब्धियों पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता से झारखंड के लिए ऐतिहासिक और बदलाव लाने वाले समझौते हुए हैं। के. राजू ने ग्रीन स्टील टेक्नोलॉजी को लेकर हुई साझेदारी को राज्य और देश के लिए बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार, कौशल विकास और सतत औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

***************

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों विदेश दौरे पर हैं, जिसे सरकार निवेश बढ़ाने की कोशिश बता रही है, जबकि विपक्ष इस दौरे पर सवाल उठा रहा है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसपर कहा कि विदेश से झारखंड के लिए क्या लाते हैं यह देखना होगा ।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केरल के तिरूवंतपुरम में कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत की उन्होंने पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ किया और एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि ऋण का वितरण किया। श्री मोदी ने तीन अमृत भारत एक्सप्रेस और एक पैसेंजर रेलगाड़ी को रवाना किया। श्री मोदी ने तिरूवंतपुरम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा देश विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एकजुट होकर काम कर रहा है और इसे पूरा करने में शहरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों से शहरी अवसंरचना पर अधिक निवेश कर रही है।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। आकाशवाणी पर पीएम के इस लोकप्रिय कार्यक्रम की यह 130वीं कड़ी होगी और साल का पहला संस्करण होगा। आम लोग कार्यक्रम को लेकर अपने सुझाव और विचार भेज सकते हैं।

***************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

***************

गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित अकासी गांव में सिरसी–ता–नाला राजकीय महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि ऐसे आयोजन आदिवासी समाज में धार्मिक जागृति और सामाजिक चेतना के लिए जरूरी हैं। उन्होंने सरना धर्म को प्रकृति आधारित जीवन दर्शन बताते हुए सिरसी–ता–नाला को आदिवासी आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बताया।

***************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने पदभार ग्रहण के बाद पहली बार जमशेदपुर पहुंचकर राज्य सरकार पर कानून–व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अपराध बढ़े हैं और जमशेदपुर में अपहृत युवा उद्यमी की बरामदगी नहीं होने पर भाजपा आंदोलन करेगी।

***************

हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 किलो 500 ग्राम अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर कोलघटी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से अफीम बरामद की गई। एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

***************

पलामू जिले में नेशनल हाईवे निर्माण स्थल पर रंगदारी के लिए फायरिंग से पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सुजीत सिन्हा और प्रिंस खान गिरोह से जुड़े 8 अपराधियों को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके पास से हथियार और गोलियां बरामद हुई हैं। जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि समय रहते कार्रवाई कर एक बड़ी घटना को टाल दिया गया, जो पुलिस के लिए बड़ी सफलता है।

***************

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जा रहा है। सूर्य कुमार यादव की कप्तांनी में भारत श्रृंखला में एक शून्य से आगे है। पहले मैच में भारत ने 48 रन से जीत दर्ज की थी।

*******समाप्त********